## खबर संक्षेप

### एएनएमटीएसटी प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 29 मई

मण्डला। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग ने बताया कि मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल द्वारा एएनएमटीएसटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 जून को निर्धारित है। छात्राएं 12वी जीव विज्ञान से पास हैं एवं नर्सिंग कौशल कॉलेज बिछिया मंडला में नामांकन लेकर एएनएम दो वर्षीय कोर्स करके देश के बड़े प्राईवेट अस्पताल में सुनिश्चित रोजगार चाहती है, वह एमपी ऑनलाइन के माध्यम से 29 मई तक रजिस्ट्रेशन करवा लें एवं रजिस्ट्रेशन की कॉपी नर्सिंग कौशल कॉलेज में सबमिट करें या जजचेरूध्ध्चंदपपजंसनउदपविनद कंजपवदण्वतहध्चंतंउ लिंक पर क्लिक करके अपना ब्योरा सबमिट करें। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की छात्राओं का रजिस्ट्रेशन शुल्क कौशल कॉलेज के तरफ से देय होगा एवं सभी रजिस्टर्ड छात्राओं का प्रवेश परीक्षा की तैयारी नजदीकी नर्सिंग कौशल में निःशुल्क कराई जाएगी।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 30 मई दिन शुक्रवार को

मण्डला। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट की जिला सलाहकार समिति की बैठक 30 मई 2025 को आयोजित की गई है। इस बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बड़ी खैरी में दोपहर 12 बजे से होगा।

### असहाय वृद्ध को दी गई आर्थिक सहायता

मण्डला। घुघरी अनुविभाग क्षेत्र के ग्राम चौगान निवासी असहाय वृद्ध छोटेलाल ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते आर्थिक सहायता के लिए कलेक्टर मण्डला के समक्ष आवेदन किया था। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन के परीक्षण के निर्देश दिए थे, परीक्षण उपरांत संवेदनशील प्रशासन ने असहाय वृद्ध को जिला रेडक्रॉस सोसाइटी मण्डला के माध्यम से अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने 5100 रूपए का चैक प्रदान किया। इस दौरान सचिव रेडक्रॉस सोसायटी एवं सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे उपस्थित रहे। चैक प्राप्त होने पर छोटेलाल ने जिला प्रशासन की संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

### पाठा से सिंगोधा होकर सिकोसी पहुंची नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जनजागरण यात्रा

मण्डला। नर्मदा पथ सर्वे एवं जनजागरण यात्रा माँ नर्मदा के तटीय ग्रामों में लगातार आगे बढ़ रही है। मंगलवार को यात्रा ग्राम पंचायत पाठा से सिंगोधा, मानेगांव, खम्हरिया होकर ग्राम सिकोसी पहुँची। सभी पंचायतों में सर्वेक्षण एवं जन जागरण चौपाल का आयोजन किया गया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में हो रहे इस आयोजन में विकासखंड समन्वयक नारायणगंज अनिल कुमार मेहरा, परामर्शदाता राकेश अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, कृष्ण कुमार झारिया, सुरेश कुमार सोनी, नवांकुर समितियां से अमरनाथ मरकाम, अमूल कुड़ापे समाज कार्य स्नातकोत्तर के विद्यार्थी दीपचंद साहू, अंजनी मार्को, ब्रजमोहन बर्मन एवं पंचायत सचिव जीआरएस पांचों पंचायत में ग्रामीणजन, सरपंच, उप सरपंच, वार्ड मेम्बर, मनरेगा के मेट ग्राम की माताएं-बहनें और प्रबुद्धजन सभी का भरपूर सहयोग मिला। जिला समन्वयक द्वारा सरकार की योजना, पथ निर्माण और समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यात्रा के उद्देश्यों और कार्य योजनाओं के बारे में बताया गया। सभी पांच पंचायतों में पाठ सर्वेक्षण की जानकारी जल के महत्व एवं वर्तमान में जल की स्थिति विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। शाम को माँ नर्मदा की आरती और चौपाल कार्यक्रम के पश्चात आज यात्रा का पड़ाव सिकोसी में किया गया।

### जल गंगा संवर्धनः प्राचीन झिरिया बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य

मण्डला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत विविध कार्य किये जा रहे हैं। कलेक्टर ने इस अभियान के दौरान जिले की ऐतिहासिक महत्व वाली जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के लिए निर्देशित किया था। इसी कड़ी में नैनपुर विकासखंड के ग्राम झिरिया में स्थित प्राचीन झिरिया बावड़ी का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया। सीईओ जनपद पंचायत श्री विनोद मरावी ने बताया कि उक्त कार्य पांचवे वित्त की राशि से कराया गया है। इस प्राचीन बावड़ी में आसपास झाड़ियाँ उग आई थी, जिससे बावड़ी के भीतर का पानी गंदा हो चुका था।

# राजस्व के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें : कमिश्नर

कमिश्नर जबलपुर धनंजय सिंह भदौरिया ने सभी कलेक्टर्स की वीसी के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें।






हरिभूमि न्यूज, मण्डला।

वीसी में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों के प्रकरणों की पेंडेंसी के आधार पर अंतिम 10 न्यायालयों की बारीकि से समीक्षा की गई। कमिश्नर ने राजस्व प्रकरणों के साथ-साथ सीएम हेल्पलाईन, राज्य सेवा अधिकारियों की शासन स्तर पर लम्बित शिकायतें, ई-ऑफिस, समग्र ई-केवाईसी, सीएम आवास योजना शहरी, मिशन कर्मयोगी, वनाधिकार अधिनियम, वर्षाकाल के पूर्व तैयारियाँ, मनरेगा लेवर बजट, विकसित कृषि संकल्प यात्रा, जल गंगा संवर्धन अभियान, अमृत सरोवर, खेत-तालाब सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मंडला एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अरविंद सिंह, जेपी यादव, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, उपसंचालक पशुपालन उग्रसेन तिवारी, उपसंचालक कृषि मधु अली, सहायक संचालक आदिवासी विकास रंजीत गुप्ता, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## नारायणगंज में महिला आजीविका ई-रिक्शा एवं ड्रोन दीदी सेवा का शुभारंभ

# सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने दिखाई हरी झंडी





हरिभूमि न्यूज, मण्डला।

नारायणगंज में आजीविका स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने महिला आजीविका ई.रिक्शा एवं ड्रोन.दीदी की सेवाएं शुरू की हैं। मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने ई.रिक्शा तथा ड्रोन दीदी सेवाओं का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा इन आजीविका गतिविधियों से जुड़ने पर उन्हे शुभ कामनाएं देते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि इस तरह की आजीविका गतिविधियों से महिलाओं को अतिरिक्त आय होगी और उनका आर्थिक विकास होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन महिलाओं से सतत संपर्क बनाएं रखें और आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण करायें।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक श्रुतिसागर उपाध्याय ने बताया कि आजीविका ई.रिक्शा तथा ड्रोन के लिए आदित्य बिड़ला केपिटल फाऊँडेशन की ओर से आर्थिक सहयोग किया गया हैए जबकि तकनीकि सहयोग प्रदान संस्था की ओर से प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के दौरान ई.रिक्शा संचालिका ज्ञानगंगा स्वसहायता समूह ग्राम देवरीकला की श्रीमती रूपकली तेकामए दुर्गा स्वसहायता समूह ग्राम दरगढ़ की श्रीमती नेहा विश्वकर्माए माँ शारदा स्वसहायता समूह ग्राम साल्हेपानी की श्रीमती सेवकली बाई एवं रामजानकी स्वसहायता समूह ग्राम पड़रिया की श्रीमती संगीता सिंगरौरे के साथ ड्रोन दीदी श्रीमती शिवरती पड़वार द्वारा सेवाओं की शुरूआत की गई। इस अवसर पर समाजसेवी रतनसिंह ठाकुर, मनोज मिश्रा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज गौरीशंकर डेहरिया, प्रदान संस्था के टीम लीडर सौरभ सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पत्थरों के बीच फंसे बाघ की मौत

हरिभूमि न्यूज, मण्डला।





आज दिनांक 27/05/2025 को एक वन्यजीव मादा बाघ उम्र लगभग 8 से 10 वर्ष की मृत्यु की घटना, जिसका स्थान सुलकुम नदी बेलवाले कक्ष क्रमांक 119 बीट मुण्डीदादर वन परिक्षेत्र कान्हा के अंतर्गत प्रकाश में आई। मौके पर निरीक्षण करने पर मृत बाघ दो पत्थरों के बीच बुरी तरह से फंसा हुआ पाया गया। प्रकरण के संबंध एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम डॉ. संदीप अग्रवाल वन्यप्राणी चिकित्सक का. टा. रिजर्व मण्डला, डॉ. आशीष वैध पशु चिकित्सक पशु चिकित्सालय बैहर के द्वारा किया गया है। वन्यजीव बाघ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। प्रोटोकॉल अनुसार पोस्टमार्टम के साथ शव के सैम्पल, फोरेसिंक जांच हेतु लिए गए। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह/भस्मीकरण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता, पुनीत गोयल उपसंचालक (कोर), अजय ठाकुर, सहायक संचालक बंजर, वन्यजीव चिकित्सक डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ आशीष वैद्य पशु चिकित्सक बैहर, श्री शंकर मेरावी तहसीलदार बिछिया, श्री श्यामवती उइके संरपंच खटिया एवं एनटीसीए के प्रतिनिधि डीकेश चौधरी कार्बेट फाउण्डेशन की उपस्थिति में की गई। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। प्रकरण में एनटीसीए के प्रोटोकॉल अनुसार वन अपराध प्रकरण क्रमाक 3036/10 दिनॉक 27/05/2025 दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे सांसद

नारायणगंज।




जनपद पंचायत सभा कक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सरपंच एवं मोबाइल जार सक्रिय महिला पंच का प्रशिक्षण सभा कक्ष में आयोजित किया गया जिसमें प्रदान संस्था के सहयोग से उपस्थित सभी प्रति भागियों को प्रशिक्षित कर जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत खेत तालाब कूप निर्माण अमृत सरोवर कंट्रोल टेट निर्माण में से संबंधित जानकारी दी गई प्रशिक्षण के दौरान मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का आगमन हुआ जिसमें उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तृत चर्चा की गई एवं क्षेत्र के विकास से संबंधित अन्य सामाजिक विषयों पर उपस्थित प्रतिभागियों से चर्चा की गई और बताया कि गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन द्वारा संचालित सभी योजना से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान रखकर लाभ प्रदान करने हेतु प्रतिभागियों से आवाहन किया इसी विषय में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रतन सिंह ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण में आए पंच एवं सरपंचों को जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत चल रहे कार्य पर ध्यान देकर उन्हें बताया गया कि किस तरह पानी का उपयोग और जल का संरक्षण करना चाहिए जिससे आने वाले समय में जो आसपास क्षेत्र में जल की समस्या हो रही है पानी का स्तर नीचे गिरता रहा है उसे सुधारा जाए जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत चल रहे खेत तालाब एवं कूप निर्माण अमृत सरोवर कंट्रोलर टच निर्माण का कार्य हर पंचायत में किया जा रहा है जिसके लिए विशेष तौर से जल संरक्षण हेतु सभी कार्य को विशेष तौर से ध्यान देकर किया जाना चाहे जिससे आने वाले समय में जल का स्टार नीचे गिरे और पानी की समस्या दूर हो सके इस कार्यक्रम में माननीय सांसद महोदय फगन सिंह कुलस्ते साथ मंडल अध्यक्ष किशन तेकाम पूर्व जिला अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा सुंदर सोनी दीपक पदम माननीय उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा सीईओ गौरी शंकर डेहरिया एवं जनपद पंचायत नारायणगंज के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे


## कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास

जारगी विकासखण्ड मण्डला जिला मण्डला

पत्र क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2025/06 — दिनांक 28/05/2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास जारगी, वि.खं. मण्डला में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्तें व नियम) करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10/06/2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 10/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास जारगी, वि.खं. मण्डला के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास
जारगी, वि.खं. मण्डला जिला मण्डला म.प्र.

## कार्यालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास

भैसवाही विकासखण्ड घुघरी जिला मण्डला

पत्र क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2025/24 — दिनांक 28/05/2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास भैसवाही, वि.खं. घुघरी में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्तें व नियम) करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10/06/2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 10/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास भैसवाही, वि.खं. घुघरी के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास
भैसवाही, वि.खं. घुघरी जिला मण्डला म.प्र.


# योगेश यादव ने जीता राष्ट्रीय स्तर पर पदक




मण्डला।

कुश्ती कोच व जिला कुश्ती संघ मंडला के कार्यालय सचिव शिवम सिंधिया (वाशु) ने बताया कि राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जो की पनवेल (हरियाणा) में 25 से 27 को आयोजित की गई थी जिसमें मध्य प्रदेश की टीम ने भाग लिया था जिसमें मंडला जिले के योगेश यादव पहलवान ने ग्रीको रोमन 51 किलोग्राम में कांस्य पदक हासिल किया मंडला कुश्ती के इतिहास में पहली बार किसी पहलवान ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किया है इसकी उपलब्धि के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कच्छवाहा जी खेल एवं युवा कल्याण विभाग खेल अधिकारी रविंद्र ठाकुर जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता जिला कुश्ती संघ सचिव संदीप कच्छवाहा वरिष्ठ मार्गदर्शक चंद्रशेखर सिंधिया नरेश सिंधिया पैशन पटेल ओमप्रकाश चौकसे शिवराज कच्छवाहा धनेश्वर उपाध्यक्ष संतोष कछवाहा वाजिद खान कुलदीप सिंधिया राजेश सोनी हेमराज कच्छवाहा किशोर कुमार गुप्ता गुलाब मदारिया स सचिव नंदकिशोर नंदा दीपक चक्रवर्ती कोषाध्यक्ष सुमित सोनी सोनू भलावी डॉ प्रदीप कच्छवाहा श्री राम सिंधिया जगदीश चरण योगेश कछवाहा शमी पहलवान संदीप सिंधिया हर्षित भलावी रंजीत विकी अनुराग सिंधिया अंकित सिंधिया प्रियम गुप्ता समीर बाजपेई शैलेश भैया पूर्णिमा रजक सोना दुबे आकाश खत्री पंकज उसराठ देवेंद्र सरोते सभी ने बधाई दी और पहलवान की उज्जवल भविष्य की कामना की।


## कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय

मदनपुर विकासखण्ड घुघरी जिला मण्डला

पत्र क्र./SSA/KGBV छात्रावास/2025/24 — दिनांक 28/05/2025

**निविदा सूचना**

समस्त निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मदनपुर, वि.खं. घुघरी में निवासरत बालिकाओं के खाद्यान्न, किराना एवं जनरल की पूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म राशि रू. 200/- में क्रय (शर्ते व नियम) करने की अंतिम तिथि 03/06/2025 शाम 05:00 बजे तक है। इच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 10/06/2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक बंद लिफाफा में अपनी निविदा छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं (लिफाफे) दिनांक 10/06/2025 को दोपहर 03:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मदनपुर, वि.खं. घुघरी के समक्ष खोली जायेगी।

छात्रावास अधीक्षिका
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
मदनपुर, वि.खं. घुघरी जिला मण्डला म.प्र.

## कार्यालय जिला पंचायत मण्डला

क्रमांक/जि0प0/शा0का0/शर्ते /2025/882 — मण्डला, दिनांक 27.05.2025

**लोक नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला पंचायत मण्डला द्वारा (लालीपुर चौराहे से भारतीय स्टेट बैंक मार्ग के मध्य) बजरंगबली मंदिर के पास जिला पंचायत परिसर में निर्मित दुकानों की नीलामी, प्रवेश अधिकार शुल्क (राइंट ऑफ ऑक्युपेशी) के आधार पर दुकानों की नीलामी निर्धारित फार्म में दिनांक 25.06.-2025 को 5.00 बजे तक कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं । नीलामी प्रपत्र व आवश्यक शर्तों को रू. 5000.00 (रु. पांच हजार मात्र) जो मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मण्डला के नाम पर डीडी कार्यालय में जमा कर कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

**दुकान नीलामी का विवरण**

| क्र0 | दुकान क्रमांक | ग्राउंड/प्रथम फ्लोर | दुकान का एरिया (साईज) कुर्सी क्षेत्रफल | प्रवर्ग जिसके लिये आरक्षित | ऑफसेट प्राईज (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | (01) | ग्राउंड फ्लोर | 17.38 वर्ग मी. | महिलाओं के स्व-सहायता समूह के लिये | 8.66 | 20000.00 |
| 02 | (02) | ग्राउंड फ्लोर | 17.38 वर्ग मी. | महिलाओं के स्व-सहायता समूह के लिये | 8.66 | 20000.00 |
| 03 | (05) | ग्राउंड फ्लोर | 8.69 वर्ग मी. | अनुसूचित जनजाति शिक्षित बेरोजगार | 4.33 | 20000.00 |
| 04 | (11) | प्रथम तल | 17.38 वर्ग मी. | अनुसूचित जनजाति | 8.22 | 20000.00 |
| 05 | (16) | प्रथम तल | 17.38 वर्ग मी. | अनुसूचित जनजाति महिला | 8.22 | 20000.00 |
| 06 | (17) | प्रथम तल | 17.38 वर्ग मी. | अनुसूचित जाति | 8.22 | 20000.00 |

नोट : नीलामी सम्बन्धी शर्ते अन्य जानकारी आदि जिला पंचायत मण्डला के कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

(संजय कुशराम)
अध्यक्ष
जिला पंचायत मण्डला

(इंजी. कमलेश तेकाम)
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत मण्डला

(श्रेयांस कूमट)
आई.ए.एस.
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत मण्डला

## खबर संक्षेप

### स्मैक पावडर का सेवन करते हुये किया गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर व क्षेत्र में लगातार स्मैक पावडर का सेवन करने वालों की संख्या में हो रही बढ़ोत्तरी के चलते पुलिस द्वारा पावडर पीने वालों की धरपकड़ी की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा नगर के आचार्य नगर कालोनी में पहुंचकर एक युवक को स्मैक पावडर का सेवन करते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई आरोपी द्वारा अपना नाम फैजान उर्फ पप्पू खान पिता सईद खान उम्र 23 साल निवासी ग्राम पनानी बताया गया। इस तरह युवक के पास से स्मैक पावडर पीने की सामग्री सहित अन्य सामग्री जप्त करते हुये आरोपी को गिरप्तार किया गया है।

### अवैध रूप से हथियार लिये घुमते हुये पुलिस ने किया गिरप्तार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में शांति व्यवस्था बनाये जाने को लेकर नगर निरीक्षक विक्रम



रजक द्वारा अपनी टीम को संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के आदेश जारी करते हुये गस्त की जा रही है। इस तरह जब पुलिस द्वारा गस्त की जा रही थी उसी दौरान नगर के मरघटा मुहल्ला में एक युवक अपने हाथ तें तेज धारदार हथियार लेकर घूमते हुये पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ते हुये जब पूछताछ की गइ्र तो युवक द्वारा अपना नाम प्रवेश पिता राजू कुशवाहा उम्र 24 साल निवासी जगदीश वार्ड बताया गया। वही पुलिस ने आरोपी के पास से लोहे का तेज धारदार चाकू जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन कल कालेज डिटोरियम में, शिक्षा मंत्री रहेगे मौजूद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र एवं सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा10 वी एवं 12 वी की बोर्ड परीक्षाओ में राज्य से लेकर जिला एवं शाला स्तर पर मेरिट में आने वाले छात्र छात्राओं के लिए मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन कल 30 मई दिन शुक्रवार को शाम 5:30 बजे से स्थानीय पीजी कॉलेज आडिटोरियम में किया जा रहा है। नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह रहेगे। वही विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मिनेन्द्र डागा सहित अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया।

### पांच साल में खत्म हो गए हजारों हरे पेड़

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** प्रदेश सरकार हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाकर शहर लेकर क्षेत्र के गांवो में छायादार, फलदार वृक्षो का रोपण करने लोगो को प्रोत्साहित करते है। किंतु वृक्षारोपण अभियानो के दौरान हर वर्ष लगाए गए अधिकांश वृक्ष रख रखाव के अभाव में या तो सूख जाते है या फिर जानवरो द्वारा नष्ट कर दिए जाते है। सूत्रो के अनुसार पिछले पॉच साल में शहर व क्षेत्र के गांवो में लगाये गए हजारो पेड़ लोगों की असावधानी से ठूॅठ में तब्दील हो चुके है तथा हजारो रूपया खर्च करते हुए पंचायतों में चलाया गया हरियाली महात्सव का क्या हाल यह बात किसी से छीपी हुई नही है। आज यदि उन पौधों को देखा जावे तो ट्री गार्ड में पेडो की जगह मात्र गाजर घास ही नजर आ रही है, जिससे पौधारोपण के अभियानो के महत्व पर सवालिया निशान लग रहा है। बताया जाता है कि शहर की शैक्षणिक संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयो के इर्दगिर्द पूर्व में नेताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो ने आम, नीम, गुलमुहार, फूलो के जो पौधे लगाए थे।

# मोतियों की माला की तरह बिखर गया मूंग को लेकर अन्नदाता के सपनों का गुरूर, समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से किसान अपनी खून पसीने की कमाई को सस्तें दामों में विक्रय करने हुआ मजबूर







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

सरकारों द्वारा आये दिन मंचों से यह बात कहते तो सुना जाता है कि किसानों द्वारा पैदा की जाने वाली फसल को इस तरह के दामों पर खरीदी जावेगी जिससे किसान अपनी खेती को लाभ का धंधा बना सके। मगर जब किसानों द्वारा खून पसीना एक करते हुये फसल तैयार की जाती है तो उसके सही दाम नही मिलने के कारण माटी पुत्र अपने आपको ठगा हुआ महसूस करने से नही चूकता है। कुछ इसी तरह की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि जिस उम्मीद के साथ किसानों द्वारा अपने खेतों में गर्मी मौसम की मूंग लगाते हुये जो सपने देखे गये थें आज उन सपनों को मोतियों की माला की तरह बिखरते हुये आसानी से देखे जा सकते है..? क्योंकि शासन द्वारा जिस प्रकार से किसानों द्वारा खून पसीना एक करते हुये अपने खेतों में मूंग तैयार करने में जो लागत लगाई गई है। मगर शासन द्वारा किसानों की मूंग को समर्थन मूल्य पर नही खरीदे जाने के कारण जहां किसान ओने पोने दामों में विक्रय करते हुये देखा जा रहा है। हर साल देखा जाता था कि किसानों द्वारा गर्मी मौसम में लगाये जाने वाली उड़द व मूंग को समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती थी। इसी के चलते क्षेत्र में हर साल मूंग की पैदावार में बढ़ोत्तरी होते हुये देखी जा रही है। क्योंकि गर्मी मूंग फसल के माध्यम से जहां किसान अपनी जरूरतों को पूरा कर लेता था। मगर इस साल अभी तक सरकार द्वारा किसानों की मूंग फसल को खरीदने के लिये किसी तरह से कोई घोषणा नही किये जाने के कारण जहां किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे स्पष्ट देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस साल मानसून के शीघ्र आने व वर्तमान समय में चल रहे मौसम को लेकर खेतों में खड़ी मूंग फसल को किसान कटाई करने में दिन रात जुटा हुआ है। इस तरह लगभग पचास प्रतिशत किसानों की मूंग फसल कटने के बाद तैयार होकर विक्रय करने के लिये रखी हुई है। मगर शासन प्रशासन द्वारा किसानों की मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिये किसी तरह से कोई घोषणा नही किये जाने के कारण जहां किसानों को अपनी मूंग फसल को बाजारों में आने पोने दामों में विक्रय करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह मंडी में व्यापारियों द्वारा जिस दर से किसानों की मूंग फसल की खरीद की जा रही है उससे किसानों द्वारा फसल तैयार करने में लगाई गई लागत खड़ी होना भी मुश्किल होने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि मूंग की फसल लागने के बाद जहां कीटों से सुरक्षा के लिये किसानों को मनमाने दामों पर अनेक प्रकार की दबाईयों का छिडकाव करते हुये बजाया जाता है। वही जब फसल तैयार हो जाती है तो उसकी कटाई के लिये भी काफी लागत लगाई जाती है। मगर किसान इस लागत को इस सोच के चलते लगा देता है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी करते हुये अन्नदाता को काफी हद तक राहत पहुंचा दी जावेगी। वैसे ही सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गर्मी मूंग फसल की खरीदी को लेकर मई माह से ही पंजीयन करने की शुरूआत कर दी जाती थी और खरीदी केन्द्रो का निर्धारण कर दिया जाता था। मगर अभी तक सरकार के द्वारा किसानों की मूंग फसल खरीदने के लिये न तो खरीदी केन्द्रो का निर्धारण किया गया है और न ही मूंग फसल खरीदी के लिये किसी तरह से पंजीयन कराये जाने की घोषणा की गई है। जबकि किसानों की मूंग फसल तैयार होकर विक्रय के लिये घरों में रखी हुई है। किसानों के खेतों से फसल तैयार हो चुकी होती है तो उसके शीघ्र ही विक्रय करने की मजबूरी इसलिये होती है। क्योंकि

सदा ही किसान अपनी फसल में जो लागत लगाता है वह कर्ज के रूप में होती है। यदि किसी दुकान से दबाई खरीदेगा या फिर खाद पावडर हो वह सब उधार के रूप में लेता है और दुकानदार को यही भरोसा देकर आता है कि फसल आने के बाद विक्रय करते हुये उसे चुकता कर देगा। इस स्थिति में जब फसल तैयार हो जाती है तो उसको शीघ्र









विक्रय करने के लिये किसान मजबूर होता है। यदि वह अपने घर में रखे रहे तो उसका ब्याज चुका करना मुश्किल हो जाता है। इस तरह चारों ओर से कर्ज के बोझ में दबे हुये अन्नदाता किसान के सामने अपनी फसल को बेचने के लिये मजबूरी बनी रहती है। मगर सरकार द्वारा जिस तरह माटी पुत्र को धोखा दिया जाता है उसके चलते वह टूटने से नही चूकता है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय किसानों के सामने देखने मिल रही है। इसी मजबूरी के चलते किसानों द्वारा तेज तपन के बीच तैयार की गई मूंग फसल को ओने पोने दामों में विक्रय करते हुये देखा जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि समय में बाद यदि सरकार द्वारा मूंग फसल खरीदने के लिये घोषणा कर भी दी गई तो जब तक मूंग फसल की खरीदी शुरू की जावेगी जब तक लगभग नब्बे प्रतिशत किसान अपनी मूंग फसल को विक्रय कर चुके होगे। इस स्थिति में सरकार का समर्थन दर पर मूंग खरीदने का फायदा अन्नदाता की जगह उन खरीदारों को मिल पायेगा जो किसानों से ओने पोने दामों में खरीदने के बाद सरकार को मेंहगे दामों में विक्रय करेगे..। इस तरह सरकार द्वारा किसानों द्वारा तैयार की गई मूंग फसल को लेकर अभी तक खरीदने के लिये किसी तरह की घोषणा न करना या फिर देरी को लेकर सरकार खून पसीना एक करते हुये फसल को तैयार करने वाले छोटे किसानों की जगह साधन संपन्न बडे किसानों व व्यापारियों को लाभ मिलने वाला साबित होने से नही चूक पायेगा...? इस प्रकार से किसानों के घरों में तैयार हो रखी हुई गर्मी में पैदा होने वाली मूंग की शासन द्वारा अभी तक खरीदने के लिये किसी तरह की घोषणा नही किय जाने की सच्चाई को लेकर जब क्षेत्र के किसानों से चर्चा की गई तो क्षेत्र के कृषक दिग्विजय सिंह का कहना है कि निश्चित ही किसान जब अपने खेतों में कोई फसल तैयार करता है तो उसका विक्रय करते हुये अपनी अनेक जरूरत पूर्ण करने की सोच रखता है। यदि समय पर उस फसल का विक्रय न हो पावे तो किसान परेशानियों से घिरने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के किसानों की भी देखने मिल रही है जिसके चलते उनके घरों में गर्मी की मूंग फसल तैयार होकर तो रखी हुई। मगर शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर किसी तरह की घोषणा नही किये जाने के कारण अब किसानों को उसे ओनेपोने दामों में बेचने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है जिससे उसकी लागत निकलना भी मुश्किल हो गया है। इसी प्रकार से ग्राम महगंवा निवासी कृषक सुधीर कौरव का कहना है कि लगता है कि किसानों का अब भगवान ही मालिक है।क्योंकि इस समय भले ही किसानों द्वारा की गई मेहनत से मूंग की पैदावार संतोषजनक हो गई है। मगर जब किसानों को पैसों की जरूरत है उस समय उसकी शासन द्वारा विक्री शुरू नही किये जाने के कारण किसान अपनी मूंग को घरों में रखे हुये उसे निहार रहा है और आने वाली नई फसलों की बुआई करने के लिये जब किसानों के पास पैसा ही नही रहेगा तो उसे मजबूरी बस किसानों को अपनी जरूरते पूर्ण करने के लिये ब्याज से पैसा लेना पड़ेगे और इस वर्ष अच्छी फसल आने से किसानों के अच्छे दिन आने का जो सपना था वह ब्याज में ही चला जावेगा। इस प्रकार से ग्राम सास बहु निवासी युवा कृषक महेश पटैल का कहना है कि जिस प्रकार से किसान मुश्बितों के बीच घिरा हुआ है वह खत्म होने का नाम नही ले रही है। क्योंकि किसान बीते हुये कुछ वर्षो से प्रकृति की मार झेल रहे थें। मगर किसानों को भले ही इस वर्ष प्रकृति ने साथ देते हुये मूंग फसल ने चेहरों पर मुस्कान ला दी गई थी। मगर शासन की नीति के चलते समय पर मूंग खरीदी का शुभारंभ नही होने से फिर किसान को परेशान होते हुये कर्जदार बनने के लिये मजबूर कर दिया गया है और बरसात की व्यवस्था बनाने से लेकर नई फसल बोने के लिये कर्ज उठाना पड़ रहा है। वही ग्राम कामती निवासी अरविंद ममार का कहना है इस समय क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत किसानों की मूंग फसल तैयार होकर अपने घरों में रखी हुई है। मगर शासन द्वारा खरीदी को लेकर किसी तरह से कोई घोषणा नही किये जाने के कारण किसानों को अपनी खून पसीने से तैयार की गई मूंग को बाजार में ओने पोने दामों में विक्रय करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। इस स्थिति में किसानों द्वारा मूंग को तैयार करने में लगाई गई लागत भी खड़ी नही हो पा रही है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा किसानों का हम दर्द बनते हुये मूंग फसल खरीदने की भरोसा तो दिला दिया गया है। मगर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिये किसी तरह घोषणा नही किये जाने से अन्नदाता के सपनों को चकराचूर कर दिया गया है। इस तरह खरीदी में देरी से यह जान पड़ने से नही चूक रहा है कि शायद सरकार व्यापारियों तथा बडे किसानों को फायदा पहुंचाने की सोच के चलते देरी की जा रही है? क्योंकि सरकार में बैठे हुये लोग यह अच्छे से जानते है कि किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिये बाजार में बेच देगा और चंद किसानों की मूंग शासन द्वारा खरीदी करने की औपचारिकता निभाई जावेगी।

## पुलिस ने जुआरी व सटोरियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये जप्त की गई नगदी राशि

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।


क्षेत्र में जुंआ सट्टा के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपनी टीम के साथ लगातार धरपकड़ मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों अलग अलग स्थानों पर जुंआरियों सहित सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर नगर के योगेश के मकान के पास चल रहे जुंआ फड पर छापा मारते हुये मौके से राजकुमार पिता चरण लाल जाटव, दयराम पिता सुखरा जाटव, टीकाराम पिता निरवत चौधरी सभी निवासी सिहोरा को ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ते एवं नगदी 580 रूपया नगदी जप्त करते हुये धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी प्रकार से सटोरियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर नगर के नये बस स्टैन्ड के



पास शंकर पिता मंगल काहार निवासी शास्त्री वार्ड को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 150 रूपया जप्त किये यगे। इसी प्रकार से नगर के पटैल वार्ड में वही के विासी देवी लाल पिता महेश जाटव के पास से भी पुलिस ने सट्टा पट्टी व लेखन सामग्री सहित नगदी 360 रूपया व नगर के स्टेशन रोड चीचली तिरहा के पास डालचंद पिता राम लाल कहार निवासी छिडाव घाट के पास से भी सट्टा पट्टी व नगदी 370 रूपया तो नगर के पुरानी गल्ला मंडी में सुनील पिता उमा शंकर राहय निवासी जगदीश वार्ड को भी सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 560 रूपया तथा हनुमान वार्ड में लक्ष्मीकांत पिता शिव लाल रजक को सट्टा पट्टी व नगदी 150 रूपया तथा चीचली मार्ग रेल्वे फाटक के पास मनोज पिता पुरूषोत्तम मेहरा निवासी पलोटन गंज के पास से भी सट्टा पट्टी सहित नगदी 510 रूपया के साथ पकड़ते नगदी जप्त किये गये। वही सालीचौका चौकी पुलिस द्वारा भी रेता मुहल्ला में अशोक उर्फ नटवर पिता भगवत श्रीवास्तव को पट्टी काटते हुये पकडकर इसके पास से पट्टी सहित नगदी 200 रूपया तथा सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा भी वही के पंचायत भवन के पास जशवंत पिता हर नारायण लोधी को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 300 रूपया जप्त करते हुये धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

## पुलिस ने अलग अलग स्थानों से जप्त की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



शराब की अवैध विक्री पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में मुरलीधर पिता गौरी शंकर कहा निवासी बोदरी के पास से पुलिस ने 5 लीटर व दो महिलाओ के पास से 8 लीटर व ग्राम बनवारी निवासी भैयाजी पिता बाबू लाल विश्वर्मा के पास से 5 लीटर तथा नगर के हनुमान वार्ड में राकेश पिता कोदू लाल धानक निवासी ग्राम घूरपुर के पास से 5 लीटर व योगेश उर्फ लालू प्रसाद पिता सालकराम साहू निवासी शिवाजी वार्ड के पास से 3 लीटर तथा कुचबंदिया मुहल्ला में राजू पिता मोती लाल ठाकुर निवासी शक्तिचौक के पास से 4 लीटर व हरीश पिता विश्राम ठाकुर निवासी शास्त्री वार्ड के पास से 4 लीटर तथा राजकुमार पिता शारदा प्रसाद बाल्मीक निवासी लक्ष्मी बाई वार्ड के पास से 3 लीटर व छोटे लाल पिता हल्के जाटव निवासी विवेकानंद वार्ड के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। वही विवेकानंद वार्ड में एक महिला के पास से 4 लीटर तथा नगर के रायल्टी आफिस के पास से नगर के कुईया मुहल्ला निवासी कोमल पिता पुट्टे प्रजापति के पास से 5 लीटर तो नगर के सुभाष वार्ड में एक महिला के पास से 5 लीटर व रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में भी एक महिला के पास से 5 लीटर व नगर के माता वार्ड में खेरापति मंदिर के पीछे एक महिला के पास से 3 लीटर तथा संतोष पिता राधे श्याम कीर निवासी निरंजन वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची महुंआ की शराब अवैध रूप से रखे हुये पकड़कर जप्त की गई। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस द्वारा भी ग्राम सहावन सहावन टोला के पास सतीश पिता विश्राम पारधी निवासी सहावन के पास से 60 लीटर तथा ग्राम सहावन में वही के निवासी एक महिला के पास से 5 लीटर व मकेश पिता रमेश सोनी जगदीश वार्ड के पास से 12 लीटर व छत्रपाल पिता रघुवीर सिलावट निवासी रायल पैलेस के सामने के पास से 3 लीटर कच्ची महुआ की शराब जप्त की। वही सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा भी ग्राम भौरझिर पावर हाऊस के पास वही के निवासी सतीश पिता परमानंद जाटव के पास से 15 पाव देशी व ग्राम सलैया में वही के निवासी मंजू पिता हक्कू ठाकुर के पास से 13 पाव तो ग्राम नयाखेड़ा में वही के निवासी दादूवीर पिता दरयाव सिंह लोधी के पास से 5 लीटर तथा सालीचौका पानी टंकी के पास गंगाराम पिता कारेलाल कहार निवासी ग्राम पनागर के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। करने के साथ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

## छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित नवीन व्यावसायिक शिक्षा मंडल के अंतर्गत सत्र 2024-25 ट्रेड ब्यूटी एंड वेलनेस के लिये कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं की छात्राओं को 20 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। संस्था प्रमुख श्रीमती लेखा कौरव एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक श्रीमती दीप्ति बिल्थरे के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षण श्रीमती दीप्ति दुबे की देख रेख में स्किन हेयर केयर, कायाकल्प से संबंधित पार्लर ट्रेनर के द्वारा छात्राओ को 'ऑन द जॉब ट्रेनिंग' का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओ को प्रतिदिन पार्लर से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी एवं पार्लर में होने वाले प्रायोगिक कार्य जैसे थ्रेडिंग, मेहंदी, हेयर कट, फेशियल, मेकअप, मैनीक्योर, पेडीक्योर एवं अन्य प्रायोगिक कार्य का प्रशिक्षण दिया दिया गया। बताया जाता है कि इस व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रीमती दीप्ति बिल्थरे द्वारा बताया गया कि यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण छात्राओ की कार्य क्षमता एवं कौशल विकास बढ़ाने में सहायक होगा। इस ट्रेनिंग पूर्ण करने के बाद छात्राएं अपनी आगे की पढ़ाई के साथ-साथ अपना स्वयं का व्यवसाय करने में सक्षम होगी। बताया जाता है कि यह नवीन व्यावसायिक शिक्षा का उद्देश्य है कि छात्रों का कौशल को बढ़ाने के साथ-साथ उनको आत्मनिर्भर बनाना है।यदि भविष्य में छात्रों की किसी कारण बस पढ़ाई छूट भी जाती है और अच्छी जॉब नहीं मिल पाती, तो वह अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं और किसी पर निर्भर नहीं है न होकर स्वालंबी बन सकता है।

## निर्मल ग्रामों की बर्बादी, कमिशन की आड़ में आंखे बंद किये हुए अधिकारी?



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। वही दूसरी ओर गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी आफिसों में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक चंद वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है, वही पूर्व के समय में गांवों में बनाये गये शौचालय की स्थिति भी इसी प्रकार से देखने मिल रही है कि वह कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गये है तो हजारों रूपया की लागत से बनाये गये कचरा घर टूट गये है, जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है, इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया है, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली? यदि इन गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायते तो इस प्रकार की जहां पर लोग आज भी शौच के लिए बाहर जाते हुए नजर आते है और दूसरी ओर सड़कों की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए कमीशन की आड़ में अधिकारियों द्वारा उन्हें पास कर दिया गया है जो चंद दिनों के बाद भी टूटना शुरू हो चुकी है।

खबर संक्षेप

## युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**डिण्डौरी**। थाना थानांतर्गत दो किलोमीटर दूर ग्राम भानपुर में रंगमंच के समीप एक युवक ने अपने ही गमछा को फंदा बनाकर बरगद के पेड़ पर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी लगने पर अशोक कुमार धार्वे पिता बृजलाल धार्वे उम्र 45 वर्ष, जसकरण दास धार्वे परशुराम और कोटवार ने साथ थाना में उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लिखवाई की मैं ग्राम भानपुर में रहता हूं ग्राम बजाग के सोसाइटी में चपरासी का काम करता हूं मेरे दो लड़के आनंद धार्वे और राजेंद्र धार्वे हैं दिन सोमवार को करीबन 8:00 मैं रात्रि ड्यूटी हेतु सोसायटी चला गया था। दिन मंगलवार सुबह के 6:00 बजे सोसाइटी से घर वापस आ रहा था तो रंगमंच के पास बरगद के पेड़ के पास काफी भीड़ खड़ी थी जाकर देखा तो मेरा बड़ा लड़का आनंद धार्वे संतरा रंग के गमछे से फांसी लगा लिया हैं और उसकी मृत्यु हो गई। पिता ने बताया कि मेरा लडका शराब पीने का आदि था और शराब पीकर बार बार जीवन लीला समाप्त करने की बात करता था परिवार ने मृत्यु पर कोई शक संदेह नही जताया है। पुलिस मर्ग कायम 17/2025 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबध्द कर जांच में लिया गया है

## 16 पाव देषी प्लेन मदिरा जप्त

**डिण्डौरी**- कोतवाली थाना अंतर्गत धनुवासागर में सोमवार शाम लगभग 7.30 बजे पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 16 पाव देषी प्लेन शराब जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम की धारा 34ए के तहत कार्यवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि धनुवांसागर में एक व्यक्ति विक्रय की नियत से शराब रखा हुआ है। सूचना के बाद बताये ठिकाने पर पुलिस ने दबिष दी जहां बताये हुलिया के मुताबिक मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करते हुए उसके पास रखी सफेद रंग की बोरी की तलाषी ली जिसमें 16 पाव देषी प्लेन शराब कीमत 1280 रूपये बरामद की गई। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम इस्लाम हुसैन पिता जाकिर हुसैन 36 साल निवासी वार्ड नं. 7 का होना बतलाया। जिसके विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाई की।

## मां के साथ बेटा ने किया मारपीट, मामला दर्ज

**डिण्डौरी**। कोतवाली थाना अंतर्गत कुकर्रामठ निवासी महिला ने अपने बेटा पर मारपीट पर आरोप लगाते हुये पुलिस में षिकायत दर्ज कराई है। महिला की षिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटा पर धारा 296, 115, (2) 351 (2) बीएनएस के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को की गई षिकायत में मुन्नी बाई राठौर पति महा सिंह राठौर उम्र 52 साल ने बतलाया कि लडका रामगोपाल राठौर पत्नि की हत्या के आरोप में 12 साल की सजा काटने के बाद वापस आया है, और वह शादी कराने को लेकर लडाई झगडा करता है। इसी बात को लेकर दो दिन पूर्व उसने मुझसे मारपीट किया था, तब मैं अपनी बहिन के यहां चली गई थी। सोमवार को वह तलाष करते हुये बहिन के घर पहुंचा और मुझसे गाली गलौच करते हुये मारपीट किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द शहपुरा में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया

**डिण्डौरी**। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द शहपुरा में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया, जिसमें बीएमओ डॉ सतेन्द्र परस्ते, डॉ राजीव साहू, डॉ डॉली चैधरी, परामर्शदाता जाकिर खान की सहभागिता थी। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025 की वैश्विक थीम माहवारी (मसिक धर्म) अनुकुल विश्व के लिये एक साथ और सामाजिक भ्रांतियां और रूढ़िवादिता को जागरूकता अभियान के तहत कैसे दूर किया जा सकता है। और माहवारी प्राकृतिक प्रकिया है और इस दिवस का उद्देश्य पीरियड फ्रेंडली एनवायरमेंट विकसित करना है और माहवारी स्वच्छता के विषय मे जानकरी दी गयी।

# जलजीवन मिशन योजना की टूट गई पाइप, पेयजल की किल्लत से जूझ रहे कस्बावासी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान आंदोलन के लिए है मजबूर



**डिंडौरी**। जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में एक सप्ताह से बंद पड़े पानी सप्लाई ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को बढ़ा दिया दरअसल टू-लेन सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार के वाहन से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे एक सप्ताह बाद भी सुधारा नहीं जा सका ऐसे में लोग पेयजल के लिए सुबह से रात तक भटकने मजबूर हैं खासकर चार वार्ड 17, 18, 19, 20, में अधिक संकट देखा जा रहा हैं। पानी को लेकर आए दिन बन रहे हालात से त्रस्त नागरिकों का अब धैर्य जवाब देने लगा हैं, वें लापरवाही और उदासीनता से तंग आकर अब आंदोलन के लिए बाध्य होने मजबूर हो रहें हैं, स्थानीय लोगों का आरोप हैं कि गर्मी के दिनों में पानी के लिए इस कदर परेशान होना कहीं न कहीं जिम्मेदारों के उत्तरदायित्व पर असफलता दर्शाता हैं, क्योंकि जिनके मत्थे पेयजल आपूर्ति का भार है वह भली-भांति जानते थें कि निर्माण कार्य के दरमियान ऐसे समस्याएं आएंगे तो उसी समय यह निश्चित करना था कि पाइप क्षतिग्रस्त होते ही लगें हाथ मरम्मत होता जाएं और बिना रोक-टोक के लोगों को पानी मिलता रहंल लेकिन अफसोस ऐसा नहीं किया गया जिसका परिणाम नागरिक भुगत रहे हैं।

### आंदोलन की राह में



मंगलवार को जब हमने पेयजल संकट से उपजे हालातों का जायजा लेने के लिए लोगों के बीच रूख किए तो पता चला कि पानी नहीं मिलने के कारण आम नागरिक जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली से बेहद नाराज हैं खासकर महिला वर्ग में खासा आक्रोश पनपा हैं। इन्होंने खरी खोटी सुनाते हुए बताया कि यह हमारी बहुत बड़ी भूल थी कि हमनें चुनाव में ऐसे लोगों को वोट देकर जिताया जो हमें मूलभूत सुविधा भी नहीं दे सकते,हमे जितना परेशान होना पड़ रहा वो तो हम हो ही रहें लेकिन अब हमें सबक मिल गया भविष्य उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं करेंगे। इन्होंने बताया कि कस्बा के आजू बाजू से दो बड़ी नदी बहती है, पानी टंकी हैं कुएं हैं टैंकर हैं यानि तमाम सुविधाओं के उपलब्ध हैं यदि चाह लेते तो लोग और हम ऐसे न भटकते लेकिन किसी को कोई मतलब नहीं हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि कस्बा के अंदर इस गंभीर समस्या के निदान हेतु संबंधित लोगों को निर्देश कर पानी सप्लाई शुरू कराया जाएं नहीं तो हमें मजबूरी में आंदोलन की ओर कदम बढ़ाना पड़ सकता हैं।

### पूरे कस्बा में हाहाकार

वर्तमान में पूरे कस्बा के अंदर पानी को लेकर हाहाकार मचा हैं अधिक प्रभावित क्षेत्रों में लोग बूंद-बूंद के लिए परेशान हो रहे यहां प्राकृतिक जलस्त्रोत कुआं नहीं हैं महज एक दो हैंडपंप हैं इन्हीं पर आधी आबादी निर्भर है ऐसे में कल्पना किया जा सकता हैं कि लोग पीने के पानी का इंतजाम कैसे कर पाते होंगे यहां के वार्डवासियों का कहना हैं कि वो तो गनीमत है कि गला तर करने के लिए हैंडपंप से पानी मिल जाता हैं यदि यह हैंडपंप न होते तो हम तो प्यासे ही मर जातें क्योंकि यहां दूर दूर तक पीने के पानी का कोई स्त्रोत नहीं हैं, हां पास में तालाब जरुर हैं जिसमें का पानी सड़ चुका हैं अन्य तालाबों में गंदगी का आलम है मजबूरी में इन्हीं से प्यास बुझाना पड़ता। पाइप लाइन को दुरुस्त कराना कोई बड़ा समस्या नहीं था लेकिन इच्छाशक्ति की कमी हैं बोलकर कोई बुराई मोल नहीं लेना चाहता शायद इसलिए समय पर मरम्मत कार्य नहीं किया गया जबकि नियम की जानकारी के हिसाब से यदि टू-लेन सड़क निर्माण के दरमियान पेयजल संबंधित टूट फूट हो जाए तो हर हाल में तत्काल सुधारा जाना हैं लेकिन यहां की बात निराली है। बहरहाल आज ही वार्ड की महिलाएं चक्काजाम करने का इरादा बनाकर घर से निकल आई थी उन्हें किसी तरह समझा कर वापस किए हैं।यदि पानी सप्लाई जल्दी शुरू नहीं किया गया तो कस्बा के अंदर गुस्से से भरे लोगों का संबंधित लोगों को आक्रोश का सामना करना पड़ सकता हैं।

# कलेक्टर ने घुसिया माल में प्रस्तावित राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना का किया स्थल निरीक्षण

**डिंडौरी**। कलेक्टर नेहा मारव्या ने बुधवार को ग्राम घुसिया माल में नर्मदा नदी पर प्रस्तावित राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बहुउद्देशीय परियोजना की निर्माण संरचनाओं का अवलोकन किया। बताया गया कि राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना में बांध, बिजली घर एवं पाईप सिंचाई प्रणाली को शामिल किया गया है, जिसके अनुरूप निर्माण कार्य किया जाएगा। इस परियोजना से किसानों को रबी एवं खरीफ दोनों फसलों के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही आसपास के गांवों में पेयजल आपूर्ति भी की जाएगी। उक्त परियोजना से 25000 किलोवॉट बिजली उत्पादन का कार्य किया जाएगा तथा बांध पर सड़क निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। जिससे लोगों को पेयजल, सिंचाई एवं विद्युत के साथ साथ आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। निर्माण एजेंसी एएफसीओएन द्वारा उक्त परियोजना का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर नेहा मारव्या ने निर्माण कार्य की लागत एवं समय-सीमा के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए संबंधित राजस्व अधिकारियों को भू-अर्जन संबंधी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने प्रस्तावित परियोजना के निमार्ण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, तहसीलदार शंशाक शेंडे, सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं निमार्ण एजेंसी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर डिंडोरी में आज भव्य समारोह

### शोभायात्रा एवं स्कूल भवन का होगा लोकार्पण



**डिंडोरी**। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर आज जिले के महावीर टोला स्थित महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राजपूत समाज जिला डिंडोरी, महाराणा प्रताप शैक्षणिक संस्थान, एवं बजरंग मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते जी होंगे, जबकि अध्यक्षता राजपूत समाज डिंडोरी के अध्यक्ष कृष्णा सिंह परमार द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर पूर्व मंत्रीगण ओमप्रकाश धुर्वे एवं ओमकार सिंह मरकाम, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की कई विशिष्ट हस्तियाँ भी मौजूद रहेंगी।

विशेष अतिथियों में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संजयसिंह राजपूत, राजपूत करणी सेना जबलपुर के अध्यक्ष विशालसिंह सोलंकी, एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँः

अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा।

शोभा यात्रा सुबह 10:00 बजे माणिकपुर एवं समनापुर से प्रारंभ होकर समारोह स्थल तक पहुँचेगी।

महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल भवन का लोकार्पण एवं नए कक्षा कक्षों के निर्माण का भूमिपूजन दोपहर 12:15 बजे से होगा।

मुख्य मंचीय कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह दोपहर 12:15 बजे से प्रारंभ होकर 2:30 बजे तक चलेगा। इसमें अतिथियों का स्वागत एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

# वनकर्मियों द्वारा काबिज भूमि का सीमांकन नहीं करने का आरोप



### मेंहदवानी के वनग्राम दादर घुघरी और पतालडोभी का मामला

**डिण्डौरी**। जिले के मेंहदवानी विकास खंड अंतर्गत पतालडोभी और दादर घुघरी के ग्रामीण मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंच वनकर्मियों के खिलाफ षिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है, कि वनकर्मियों द्वारा काबिज भूमि का सीमांकन नहीं किया जा रहा है, इस लापरवाही से वे भू अधिकार से वंचित हैं। ग्राम पंचायत डुलहरी अंतर्गत वनग्राम पतालडोभी निवासी ग्रामीणों ने बतलाया कि उनके गांव की बसाहट सैकडों वर्ष पहले की है। आजादी के पूर्व अंग्रेजों ने पतालडोभी गांव को वनग्राम बना दिया था यहां के लोगों के साथ अन्याय कर अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। वन अधिकार अधिनियम 2006 लाया गया लेकिन 19 वर्ष बीतने के बाद भी काबिज भूमि जिसमें खेती की जा रही है। भूमि का भू अधिकार आदिवासी और बैगा जनजाति के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बतलाया कि वनग्राम पतालडोभी में बीटगार्ड के द्वारा हमारे द्वारा खेती की जा रही भूमि कंपार्टमेंट नम्बर 983 बी और 984 का सीमांकन नहीं किया जा रहा है। जिस भूमि का भू अधिकार पत्र पूर्व में प्राप्त हुआ है उसका सीमांकन एक जगह बैठकर ही किया गया है। नियमानुसार जहां भूमि स्थित है वहां मौके पर जाकर किया जाना था। साथ ही खेती की जाने वाली भूमि का सीमांकन नहीं किया जा रहा है जबकि अनेकों ऐसे किसान है, जो काबिज भूमि में खेती करने के दौरान 1992 में जुर्माना राषि भी अदा की है बावजूद इसके 13 दिसम्बर 2005 के पूर्व काबिज कास्तकारों की भूमि को 2011 से अतिक्रमण दर्षाया जा रहा है। इससे जाहिर होता है, कि वन विभाग के कर्मचारी आदिवासी के अधिकारों का हनन करते हुये भूमि से वंचित करना चाह रहे हैं। यह भी बतलाया गया कि ग्राम के किसान 4 हैक्टेयर तक भूमि में कास्त कर रहे हैं जिसका भू अधिकार दिया जाना चाहिये। लेकिन किसानों की जमीन को वन विभाग अपने हिस्से में लेने की कार्रवाई में जुटा है। इसी तरह ग्राम पंचायत केवलारदर के दादर घुघरी के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है, कि वन कर्मियों द्वारा सीमांकन में लापरवाही बरती जा रही है। यहां के कास्तकार कंपार्टमेंट 938 बी और 941 में स्थित भूमि में काबिज होकर वर्षों से खेती करते आ रहे हैं। लेकिन वनकर्मियों द्वारा कंपार्टमेंट 941 में संषोधन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बतलाया कि ग्राम के 126 कास्तकारों ने दावेदारी प्रस्तुत की है, जिसमें 42 कास्तकारों को भू अधिकार पत्र दिया गया है इसके अलावा चार अन्य भी शामिल है एवं 80 कास्तकारों को भू अधिकार पत्र प्रदान नहीं किया गया है। जिनके द्वारा दावा प्रपत्र की कार्रवाई जारी है तथा वन अधिकार समिति द्वारा भी प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है।

## शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में मनाई गई लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती



**शहपुरा** – मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश व्यापी जन कल्याणी विषय में शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा जिला डिंडोरी में आज दिनांक 27 मई 25 को देवी अहिल्याबाई के जीवन और दर्शन विषय पर चित्रकला निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का गरिमाममी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दिए एवं भागीदारी सुनिश्चित किया देवी अहिल्याबाई के जीवन और दर्शन युवा पीढ़ी छात्र छात्राओं के लिए निश्चित रूप से प्रेरणा के स्रोत हैं इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर स्वीटी यादव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजू रैदास के तत्वाधान में महाविद्यालय में उपस्थित समस्त प्रोफेसर विद्वानों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया एवं इस कार्यक्रम को गरिमामय संपन्न कराये।

## जिले में 29 मई से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**डिंडौरी**। उपसंचालक कृषि अभिलाषा चैरसिया ने बताया कि कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा एक महत्त्वाकांक्षी पहल शुरू की जा रही है। जिले में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देना है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों में चयनित ग्रामों में कृषकों को नई तकनीकों, वैज्ञानिक विधियों, मिट्टी परीक्षण, जल संरक्षण, बीजों की उन्नत किस्मों और जैविक खेती के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों सहित तकनीकी अधिकारियों और सहायक नोडल अधिकारियों की टीम गांव-गांव जाकर किसानों को उन्नत कृषि विधियों के प्रति जागरूक करेगी। अभियान के तहत निर्धारित तिथि और समय पर विशेषज्ञों द्वारा किसानों को सघन रूप से मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिससे जिले में कृषि उत्पादन बढ़ने की संभावना है, साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो सकती है। समाज के हर किसान तक पहुंचेगी जानकारी अभियान के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान का संचालन जनभागीदारी के माध्यम से किया जाएगा ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक कृषकों तक पहुंचे। कृषि विभाग ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय और स्थान पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अवश्य भाग लें और उन्नत खेती के गुर सीखकर अपने खेतों की उपज में वृद्धि करें।

## हेंडपंप खनन की मांग

**डिण्डौरी**। जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हेंघोरी के बाजार मोहल्ला में हेंडपंप खनन करने की मांग की गई है। कलेक्टर को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है, कि बाजार मोहल्ला में कुंआ और हेंडपंप नहीं है, जिससे पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता है, यहां साप्ताहिक बाजार लगने के साथ उचित मूल्य की दुकान है। जहां आस-पास के ग्रामीण आते हैं जिनके लिये पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता जिससे ग्रामीणों को परेषान होना पडता है। ग्रामीणों ने बतलाया कि ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा के दौरान अनेकों बार हेंडपंप खनन की मांग की गई है।

## हमले में गंभीर रूप से घायल बेटे के बाद अब मां ने भी तोडा दम

**डिण्डौरी**। जिले के करंजिया थाना अंतर्गत ग्राम रूसा में दिल दहला देने वाले हत्याकांड के मामले में गंभीर रूप से घायल आंगनबाडी कार्यकर्ता सरस्तवी आर्मो 35 वर्ष की भी उपचार के दौरान जबलपुर मेडिकल कालेज में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह सरस्वती ने अंतिम सांस ली। शव को देर शाम जबलपुर से गृह ग्राम रूसा लाया जा रहा है। थाना प्रभारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि महिला की हालत पहले से ही गंभीर थी। गौरतलब है कि आरोपित द्वारा घर में घुसकर 20 मई को रात आंगनबाडी कार्यकर्ता सहित उसके 10 वर्षीय बेटे हिमांषु और 8 वर्षीय बेटी परिधि के ऊपर प्राण घातक हमला किया था। वारदात में महिला के बेटे हिमांषु की उसी दिन मौत हो गई थी जबकि महिला और उसकी बेटी को गंभीर अवस्था में जबलपुर रेफर किया गया था। बताया गया कि अभी बेटी परिधि की हालत में सुधार है। महिला के सिर पर धारदार हथियार से गंभीर चोट लगी थी। आरोपित की पहचान घायल परिधि ने फोटो देखकर की है। बताया गया कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मुंबई फरार हो गया है। करंजिया थान से पुलिस टीम मुंबई पहुंच गई है जो फोटो के आधार पर आरोपित को ढूंढने में लगी है। अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। बताया गया कि आरोपित के आगे पीछे कोई परिवार नहीं है। वह 17 फरवरी को मुंबई से रूसा गांव आया था, और वारदात को अंजाम देने के बाद मुंबई वापस फरार हो गया। आरोपित को गिरफ्तार करना पुलिस के लिए बडी चुनौती बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि बालिका की हालात पूरी तरह ठीक होने के बाद पुलिस उसे विस्तृत जानकारी लेगी।

# कुटरई घाट से मां नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**। विकास खण्ड मेहदवानी के मां नर्मदा के उत्तर तट पर बसे ग्राम कुटरई से उत्तर तट की यात्रा नर्मदा सिलगी के संगम मेला घाट तट पर रविवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकास खण्ड मेंहदवानी एवं ग्राम पंचायत - कुटरई के सहयोग से नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया साथ ही ग्राम चौपाल व जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घाट की साफ सफाई की गई।नर्मदा नदी के दोनों तटों पर चलने वाली बारह दिवसीय यात्रा में नवागत जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान, विकासखंड समन्वयक मेंहदवानी श्रीमति सुशीला ठाकुर, डिंडोरी समन्वयक श्री गणेश राजपूत, करंजिया समन्वयक श्री भानु प्रताप मरावी एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री सुदामा बर्मन, महा-मंत्री अनु. जन. मोर्चा श्री जेहर सिंह मरकाम, महामंत्री श्री शंभू सिंह वरकड़े एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, महिलाओ, संत जन, नबाँकुर संस्था के अध्यक्ष श्री सुखराम मरकाम एवं मेंटर्स- श्री देवेश धनंजय, श्री निर्मल मरकाम, CMCLDP के छात्र- दूब सिंह, गुलाब सिंह, दुर्गेश कुंजाम, ग्राम प्रस्फुटन समिति कुटरई एवं फुलवाही व बदगिरी से क्रमशः इमरत वरकडे, गोविंद मरकाम, अनेक मरावी, नरेश मरावी एवं ग्राम पंचायतों के सचिव श्री जेहर सिंह परस्ते, श्री कल्याण सिंह एवं अन्य ग्रामीण जनों की उपस्थित्ति में कार्यक्रम हुआ, कार्यक्रम के उद्देश्य को निम्न बिंदुओं को लेकर जिला समन्वयक श्री चौहान जी द्वारा नर्मदा तट में परिक्रमावासियों के लिए रैनबसेरा निर्माण, महिलाओं के लिए स्नानागर, घाट निर्माण, अन्नक्षेत्र की स्थापना, नर्मदा के तट पर पौधारोपण का कार्य, नदी के तट पर कटाव क्षेत्र, नदी में मिलने वाले नालों के लिए सीवेज प्लांट, नर्मदा पथ निर्माण, रैनबसेरा का निर्माण एवं नर्मदा सेवा समिति का गठन एवं नर्मदा के संवर्धन एवं संरक्षण कैसे करना है आदि बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

खबर संक्षेप

## शिव जी हनुमान जी एवं शनि देव की हुई स्थापना



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस समीपी ग्राम उमाहा में ग्राम वासियों के सहयोग से शनि जयंती के अवसर पर देवादिदेव महादेव संकटमोचक हनुमान जी महाराज और न्याय के देवता शनि देव की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना की गई। सभी ग्राम वासियों के द्वारा सुबह सुबह ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। तथा वरिष्ठ पंडित रूपराम पुरोहित के द्वारा सभी मूर्तियों की प्रतिष्ठित वैदिक मंत्रो के द्वारा कर स्थापना व हवन आदि का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। स्थापना के उपरांत ग्राम वासियों के सहयोग से कन्या भोजन का आयोजन भी किया गया।भजन कीर्तन भी संपन्न हुआ।

## एएनएम नर्सिंग कोर्स के लिए अंतिम तिथि 29 मई

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** एएनएम नर्सिंग कोर्स के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक और वंचित वर्ग के कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान विषय में अध्ययनरत विद्यार्थी 29 मई तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 18 जून 2025 को होगी। यह कोर्स 2 वर्ष का होगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक घायल



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय से मंडला रोड स्थित भोमा के समीप लगभग 15 किलोमीटर दूर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 4:30 बजे मंगलवार को सिवनी से भोमा के बीच एक पुलिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिसमें एक युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई है। गंभीर रूप से घायल 58 वर्षीय व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी ले जाया गया है।

### मंत्री श्री पटेल ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

# कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि मेला का आयोजन : मंत्री श्री पटेल











## समागम का उद्देश्य किसानों को खेती की नई तकनीक और आधुनिक उपकरणों की जानकारी देना

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का समापन कार्यक्रम कृषि उपज मंडी के समीप हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यिा, विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका,अन्य अधिकारी उद्यमी, कृषक और नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि कृषि उद्योग समागम की शुरुआत से लेकर समापन जिस सटीक रणनीति से संपन्न हुआ, इसके लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद देने आया हूं। मेले में विभिन्न जिलों से आये किसानों की यहां मौजूदगी रही। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान जिले के किसानों ने अगर कह दिया कि प्रदर्शनी अच्छी है, तो इसमें फिर प्रश्नचिंह लगाने की जरुरत नहीं है। यहां आकर मैंने विभिन्न उत्पादों व आम की किस्मों को देखा है। मुख्यमंत्री स्वयं मानते है कि इतनी अच्छी लय में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है। मंत्री ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य किसानों व उद्यमियों को परंपरागत खेती की बजाय जैविक और उन्नत खेती के प्रति जागरूक करना था। आधुनिक उपकरणों,कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से खेती में मार्गदर्शन और तकनीकी परामर्श देना था।अब किसान एक- दूसरे से विचार विमर्श और मंथन कर खेती की इन तकनीक को समझें, ताकि भू- जल स्तर बना रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में ली जाने वाली फसलों को पर्याप्त पानी देने में काफी तकलीफ होती है।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन ने नरसिंहपुर जिले में यह मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया था। कृषि प्रधान जिले को उद्योगों के साथ स्थापित करने का यह प्रयास है। जिला प्रशासन की पूरी टीम ने लगातार मेहनत कर इस मेले को संपन्न किया है। विशिष्ट अतिथियों के आगमन को लेकर पूरी टीम ने मेहनत और लगन के साथ कार्य किया है। इस कार्य में प्रशासन, पुलिस, मीडिया, किसान संगठनों का अहम योगदान सहयोग रहा । जिस स्वरुप में मेले का आयोजन करने को लेकर सोचा गया था, ठीक उसी तरह सभी लोगों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग से इसे संपन्न कराया गया है। समापन कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपने विचार साझा किये है। उन्होंने कहा कि उन्नत खेती की ओर बढ़ने का यह मुख्यमंत्री जी का निर्णय सराहनीय है। किसानों से संबंधित सभी चीजों को एक ही कार्यक्रम में समाहित किया गया है। एक ही छत के नीचे विभागों की प्रदर्शनी और अन्य प्रदर्शनी का लाभ किसानों को मिला है। कार्यक्रम में श्री पटेल ने प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया। उन्होंने उद्यानिकी के क्षेत्र में कृषक शिवम दीक्षित, जैविक खेती व जैविक खाद्य के क्षेत्र में कृषक गजेन्द्र सिंह, महिला कृषक श्रीमती अर्चना राजे स्वामी, नरवाई प्रबंधन में कृषक शेरसिंह राजपूत, स्टॉल प्रदर्शनी में आम की किस्मों के लिए विजय पाल सिंह को पहला, गोविंद सिंह पटेल को दूसरा और गुड़ के विभिन्न उत्पाद के लिए करण सिंह को सम्मानित किया।

# तेज हवा के साथ जोरदार बारिश





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में बुधवार को मौसम ने करवट लिया। दोपहर के बाद आसमान में घने बादल छाये, इसके बाद तेज हवा के साथ जोरदारसाथ बारिश हुई। लगभग आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई।बारिश के बाद पूरे जिले में मौसम सुहाना हो गया। बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिली है. बुधवार की शाम को तापमान कम हो गया। नरसिंहपुरमें शाम 4 बजे से बादल छाए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश हुई। तेज हवाओं से कई पेड़ गिर गए। कुछ स्थानों पर बिजली के तार भी टूट गए। बारिश से तापमान में गिरावट आई है। 25 मई से शुरू हुए नौतपा में हो रही बारिश से आगामी मानसून प्रभावित हो सकता है। मानसून के 20 जून के आसपास जिले में दस्तक देने की संभावना है। गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश से राहत मिली। बुधवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदला। देखते ही देखते आकाश में काले बादल छा गए और झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस दौरान तेज हवा के चलने से कई जगहों पर पेड़ और तार के टूटकर गिरने से लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। कहीं पेंड की टहनी तो कहीं पूरा पेड़ ही सड़क पर आ गिरा। नरसिंहपुर नगर में भी कई स्थानों पर पेड़ की शाखों के टूटने की जानकारी मिली है कलेक्टर बंगले के पास एवं पुलिस अधीक्षक के बंगले के पास भी पेड़ की शाखाएं गिरने से विद्युत व्यवस्था अवरुद्ध हुई है। नगर में लगभग 3 घंटे विद्युत व्यवस्था बाधित रही शाम को लगभग 7 बजे विद्युत आपूर्ति चालू हो गई है।

# जिले में 29 मई से 12 जून तक चलाया जायेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

## कलेक्टर ने किया दलों का गठन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून 2025 तक किया जायेगा। इस अभियान में केन्द्रीय योजनाओं एवं मप्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीनः उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा कृषि में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों के द्वारा अन्य कृषकों को दिया जाना है। अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम को गरिमामयी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंत्रीगण, सांसद, विधायकों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जायेगा। जिला स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम मेला जिला स्तरीय फूड फेस्टीवल एवं समापन कार्यक्रम जिला स्तरीय कार्यशाला सेमीनार कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर में आयोजित किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने विकासखंड स्तर पर 3 दलों का गठन किया है। विकासखंड गोटेगांव व चीचली के दल क्रमांक एक में वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. आशुतोष शर्मा व डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृषि विस्तार अधिकारी, संबंधित वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक मत्स्य अधिकारी मत्स्य निरीक्षक, सहायक कृषि यंत्री व संबंधित जनपद पंचायत, सचिव व रोजगार को शामिल किया गया है। विकासखंड नरसिंहपुर व करेली के दल क्रमांक दो में वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. निधि प्रजापति एवं विजय सिंह सूर्यवंशी, संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृषि विस्तार अधिकारी, संबंधित वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारीः ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक मत्स्य अधिकारीः मत्स्य निरीक्षक, सहायक कृषि यंत्री व संबंधित जनपद पंचायत, सचिव व रोजगार को शामिल किया गया है। विकासखंड चॉवरपाठा व सांईखेड़ा के दल क्रमांक तीन में वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. एसआर शर्मा एवं वैज्ञानिक गन्ना अनुसंधान केंद्र दिनेश, संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीःकृषि विस्तार अधिकारी, संबंधित वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारीः ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक मत्स्य अधिकारीः मत्स्य निरीक्षक, सहायक कृषि यंत्री व संबंधित जनपद पंचायत, सचिव व रोजगार को शामिल किया गया है। प्राकृतिक खेती एवं फसल विधिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार- प्रसार किया जावे। कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन केव्हीकेआईसीए और संस्थान और इफ्को कृषि में ड्रोन प्रोद्यौगिकी के उपयोग पर प्रदर्शन किया जावे।

# पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में स्वर्गीय श्री नेहरू ने देश की बागडोर संभाली और आधुनिक भारत का निर्माण कराया साथ सी विश्व पटल पर भारत की विशेष उपस्थिति दर्ज की।वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि देश की आजादी के लिए पंडित नेहरू 10 वर्ष से अधिक समय जेल में रहे स्वतंत्रता संग्राम और देश के नवनिर्माण में उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं पाएगा। उक्त मौके पर भगवंत सिंह जाट बड़डू भइया, अस्सु नेमा, डॉ राजकुमार नेमा, वीरेंद्र पाठक, संतोष शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, यासीन मनचला, सुरेश ठाकुर, सोहन रैकवार ,आशीष, राजवेद ,देवेंद्र प्रजापति ,अभय राय, कैलाश श्रीवास्तव, मानसिंह मांझी, घनश्याम जाटव ,शरद पटेल, वागेश कहार, अलीम खान, रजनीश सेन, गब्बर नोरिया, मुन्ना लाल चैधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू के अलावा कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सचिव की मनमानी के चलते नहीं हो पा रहा ग्राम का विकास




## महिला सरपंच ने वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत फिर भी नहीं हो रही कार्यवाही

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों चांवरपाठा विकास खंड की कुछ ग्राम पंचायतें विकास कार्य को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों का मुंह ताक रहीं हैं और अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।ऐसा ही एक और मामला पीपरवानी पान में देखने को मिला है। यहां पर एक महिला सरपंच अपने ग्राम के विकास को लेकर परेशान बनीं हुई है। मुख्य वजह यहां पर पदस्थ सचिव द्वारा कोई ध्यान नहीं दिये जाने के साथ अपनी ग्राम पंचायत में अनुपस्थित बनें हुए हैं। सरपंच श्रीमती शकुन जगदीश चौरसिया ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि काफी लंबे समय से सचिव पंचायत से अनुपस्थित बनें हुए हैं। पंचायत में कब आते हैं और कब आकर वापस चले जाते हैं किसी को जानकारी तक नहीं लगती है। जिसकी लिखित शिकायत विकासखण्ड के अधिकारियों को भी दे दी गई है।जब यहां पर सुनवाई नहीं हुई तो जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को भी लिखित में शिकायत की गई फिर भी आज तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हो पा रही है। महिला सरपंच का कहना है कि पंचायत में बहुत से निर्माण कार्य होना है टी एस जारी करवाने से लेकर हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर हितग्राही पंचायत और सरपंच के चक्कर लगा रहे हैं। फिर भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। पूर्व में जो निर्माण कार्य हो गये हैं उनके भुगतान अभी तक नहीं हो पा रहे हैं।